हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 22 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

14 मनरेगा बचाओ पदयात्रा रैली का कसडोल ब्लॉक में ...



14 डहरिया ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ





## खबर संक्षेप

### मुंडा में आज से होगा श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन

**मुंडा।** मेन रोड स्थित ग्राम पंचायत मुंडा में स्व. पंचराम साहू, स्व.लहुरा बाई एवं स्व.प्रेमलाल, स्व.गीता बाई, स्व. अरुण कुमार साहू की स्मृति में पुष्पा पोखराज साहू द्वारा 22 जनवरी से 28 जनवरी तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन रखा गया है। कथावाचक पंडित धनंजय तिवारी भानपुर बागबाहरा एवं पुरोहित विजय कुमार पांडेय लवन और परायणकर्ता कृष्ण कुमार शर्मा होंगे। 22 जनवरी को दोपहर 12 बजे कलश यात्रा निकालकर वेदी पूजन के साथ श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ होंगे। 23 जनवरी को नारद मोह कुबेर कथा चरित्र 24 जनवरी को समुद्र मंथन अर्धनारीश्वर कथा, 25 जनवरी को सती चरित्र पार्वती जन्म शिव पार्वती विवाह, 26 जनवरी को कार्तिक जन्म गणपति उत्सव, 27 जनवरी को रुद्राक्ष उत्पति बेल वृक्ष उत्पत्ति, 28 जनवरी को जालंधर वध हवन पूर्णाहुति शोभायात्रा के साथ समापन होगा। कथा दोपहर 01 बजे से शिव इच्छा तक होंगे।

### कहि देबे संदेश मानस परिवार का भव्य कार्यक्रम होगा आज

**हिरमी रावन** । ग्राम भालेसूर के बजरंग चौक में 22 जनवरी की रात्रि 9:30 बजे से 11:30 बजे तक कहि देबे संदेश मानस परिवार एवं युवा समिति के तत्वावधान में भव्य सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मानस गायन, भक्ति गीत एवं पारंपरिक लोक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा माता देवी की महिमा पर आधारित प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें श्रद्धालुओं को भक्ति और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य गांव में धार्मिक भावना को मजबूत करना तथा युवाओं को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है।इस अवसर पर ग्राम समस्त ग्रामवासी, युवा समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजक मंडल द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। मंच सज्जा, ध्वनि व्यवस्था एवं प्रकाश की विशेष व्यवस्था की गई है ताकि दर्शकों को बेहतर अनुभव मिल सके। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लें और भक्ति भावना के साथ कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### गुहा निषाद जयंती मनी व निर्मल घाट पचरी निर्माण का लोकार्पण

**सिमगा।** सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत दौरेंगा में गुहा निषाद जयंती एवं निर्मल घाट पचरी निर्माण का लोकार्पण पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के मुख्य आतिथ्य, विशेष अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, विशिष्ट अतिथि, गोपाल शुक्ला उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सिमगा, दीप्ति गोविंद वर्मा जिला पंचायत सभापति, नारायण साहू मंडल अध्यक्ष सिमगा, हेमसिंह चौहान अध्यक्ष राइस मिल प्राधिकरण, जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, सरपंच खेलावन साहू, उपसरपंच मंगलू निषाद, सचिव रामेश्वर सहित समस्त पंचगण आदि ने द्वारा लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों ने गुहा निषाद जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही जयंती की बधाई दिए तत्पश्चात उक्त निर्मल घाट निर्माण का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने भाजपा शासन काल में लगातार हो रहे विकास कार्यों का बखान किया। साथ ही गांव में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं होने की बात कही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

# गिरौदपुरीधाम में तीन दिवसीय गुरुदर्शन मेला लगेगा आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संत शिरोमणी गुरु घासीदासकी जन्मस्थली एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल गुरू दर्शन एवं संत समागम मेला का आयोजन होग़ा। तीन दिवसीय भव्य मेला 22 से 24 फ़रवरी तक आयोजित होग़ा। राजागुरु धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत के सभागार में मेला आयोजन समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें मेले की तैयारियों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरू खुशवंत साहेब,गुरु सोमेश बाबा, गुरू सौरभ साहेब, कलेक्टर दीपक सोनी, एसपी भावना गुप्ता, पूर्व सांसद गुहा राम अजगले, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब ने बैठक में कहा कि बाबा गुरु घासीदास के सम्मान में आयोजित गिरौदपुरी मेला सबकी भागीदारी से शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न किया जाएगा। उन्होंने मेले में व्यवस्थाओं और सुविधाओं को पिछले वर्ष की तुलना में और बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों को समय पर पूरा कराने तथा फील्ड पर भी तैयारी मौजूद हो इसके लिये स्पॉट निरीक्षण करने के भी सुझाव दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की घोषणा अनुरूप मेला समिति की राशि 25 लाख ▶▶ शेष पेज 14 पर

## मेला आयोजन समिति की बैठक में तैयारी के लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

### जैतखाम में सीसीटीवी कैमरा स्थापित करें: मंत्री खुशवंत

तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा गिरौदपुरी मेला में सुविधाओं को पिछले वर्षों की तुलना में दुगुना किया गया है। विगत वर्ष भी बेहतर ढंग से मेला सम्पन्न हुआ था। इस बार पिछले वर्ष की कुछ कमियों को दुरुस्त कर लिया जाए। उन्होंने जैतखाम में सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने कहा। ताकि जैतखाम की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रहे।

### मेले के दौरान तीन लेयर सुरक्षा होगी: एसपी



पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने बताया कि मेले के दौरान तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था रहेगी जिसमें लगभग 1182 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। 30 स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था होगी। सीसीटीवी कैमरा पिछले वर्ष से अधिक होगी। मुख्य कंट्रोल रूम के अलावा 4 अन्य कंट्रोल रूम बनाए जायेंगे। उन्होने बताया कि मेला के दौरान पुलिस हेल्पलाइन नंबर 94792-20392 सक्रिय रहेगा जिस पर शिकायत की जा सकती है। सात जगहों पर दमकल वाहन तैनात किए जाएंगे। ट्रैफिक व्यवस्था हेतु पर्याप्त टीम लगाई जाएगी। बैठक में मेला आयोजन समिति के सदस्य सहित सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अवध राम टंडन एवं विभागीय अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मुहिम : प्लास्टिक डिस्पोजल के इस्तेमाल पर भी होगी सख्त कार्रवाई

# माघी मेले में नहीं बिकेंगी मास-मछली व अंडे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

नगर के माघी मेले में इस वर्ष मांस, मछली और अंडा की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया हैं। इसके साथ प्लास्टिक डिस्पोजल के उपयोग पर भी रोक लगाई गई हैं। मेला में आए दुकानदार यदि प्रतिबंधित चीजों का उपयोग करते पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। माघी मेले को लेकर नगर पंचायत शिवरीनारायण ने दुकानदारों के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। मेला में दुकान लगाने वाले दुकानदारों से आवेदन पत्र के साथ स्व घोषणा पत्र भरवाया जा रहा हैं। जिसमें दिशा निर्देश लिखे हुए। मेला में आए दुकानों में प्लास्टिक डिस्पोजल का इस्तेमाल न हो इसके लिए नगर पंचायत की टीम लगातार मॉनिटरिंग भी करेगी। प्रतिबंधित प्लास्टिक डिस्पोजल का इस्तेमाल करने वाले दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। पूरे जिले में आयोजित होने वाले मेले में नगर का यह माघी मेला अपनी अलग पहचान बनाएगा। मेले के दिशा निर्देशों के संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत ने बताया कि नगर के मेला ग्राउंड में इस वर्ष 1 फरवरी से शुरू हो रहे माघी मेला में मांस, मछली और अंडा आदि को प्रतिबंधित किया हैं। धार्मिक नगरी की महत्ता हो देखते हुए यह निर्णय लिया गया हैं। इस निर्णय को परिषद में पास किया जा चुका हैं। प्रतिबंधित चीजों की बिक्री करने वाले दुकानदारों पर नगर पंचायत के कर्मचारी सख्त कार्रवाई करेंगे। मेले में प्लास्टिक डिस्पोजल के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया गया हैं। पूरे माघी मेले प्लास्टिक डिस्पोजल मुक्त रखने की मुहिम है। मेला में आने वाले दुकानदारों को भी इसकी सूचना दी जा रही हैं, ताकि पर्यावरण ▶▶ शेष पेज 14 पर

- नगर पंचायत ने जारी किए दिशा-निर्देश

### दुकानों से सुबह शाम डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का होगा काम

मेले को स्वच्छ रखने के लिए नगर पंचायत द्वारा दुकानों से सुबह शाम डोर टू डोर कचरा कलेक्शन जाएगा। कचरे का उचित निष्पादन होने से मेला परिसर में चारों ओर स्वच्छता बनी रहेगी। सभी दुकानदार अपनी दुकानों के सामने डस्टबिन रखेंगे। इसके साथ ही दुकान में आए ग्राहकों को भी कचरे को डस्टबिन में डालने की नसीहत देंगे। मेले को स्वच्छ रखने की इस मुहिम में सभी दुकानदार भी जिम्मेवारी निभाएंगे।मेले में कचरा फैलाने वाले दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई से दुकानदार भी गंदगी करने से बचेंगे। माघी मेले में मांस, मछली और अंडा की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। मेले में प्लास्टिक डिस्पोजल के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया गया हैं। प्रतिबंधित चीजों की बिक्री एवं उपयोग करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी। पं. हरीश तिवारी भोगहा ने बताया कि माघ पूर्णिमा के पवित्र अवसर पर नगर के त्रिवेणी संगम चित्रोत्पला गंगा महानदी में पवित्र स्नान करने से मनुष्य के सभी पापों का शमन होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है साथ ही भगवान श्री विष्णु जी का आशीर्वाद प्राप्त होता है महानदी में पवित्र स्नान करने के बाद दान करने का भी विशेष महत्व है माघ पूर्णिमा को भगवान श्री शिवरीनारायण जी के दर्शन पूजन करने के उपरांत गुड, तिल, वस्त्र, दूध, घी आदि का दान करना चाहिए। मेला ग्राउंड में आने लगे झूला इस वर्ष मेला में विभिन्न प्रकार के झूले बच्चों के झूले, ब्रेक डांस झूला, हवाई झूला, रेंजर झूला, ऑक्टोपस झूला, रेंजर झूला, टुरिंग टॉकीज, मीना बाजार, मौत का कुआं, भोजनालय, होटल, रंगोली की दुकान, क्राफ्ट दुकान, कपड़ों की दुकानें, फल फूल की दुकान मूर्ति वालो की दुकानें, फोटो स्टूडियो, रंग बिरंगी चूड़ियों की दुकानें धार्मिक पुस्तकों की दुकान खेल तमाशा, बच्चों के खिलौने की छोटी बड़ी दुकानें, मनिहारी दुकानें, पिज्जा, बर्गर, चाट, कचौरी, गुपचुप आइस्क्रीम के साथ ही खाने पीने की सैकड़ों दुकानें संचालित होगी।

# अवैध धान परिवहन और भंडारण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई 655 कट्टा अवैध धान जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अवैध धान के परिवहन और भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत राजस्व, मंडी और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। संयुक्त जांच टीम द्वारा विभिन्न स्थानों से 655 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार खरतोरा चेक पोस्ट पर जांच के दौरान दो ट्रैक्टरों से अवैध रूप से ले जाया जा रहा 250 कट्टा धान जब्त किया गया। यह धान बरौदा रायपुर से लाकर बलौदी खरीदी केंद्र में खपाने की तैयारी थी, जिसे जब्त कर खरतोरा समिति प्रबंधक की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है। लवन तहसील के ग्राम अमलीडीह में तहसीलदार पलारी के नेतृत्व में दबिश दी गई, जहाँ व्यापारी नीलकंठ पटेल के प्रतिष्ठान से अवैध रूप से भंडारित 360 बोरी धान और 62 बोरी चावल बरामद कर गोदाम को सील कर दिया गया है। इसके अलावा, ग्राम चिखली निवासी धनेश्वर यादव के वाहन से 45 कट्टा अवैध धान जब्त कर थाना गिधपुरी के सुपुर्द किया गया। इसी कड़ी में भाटापारा ब्लॉक के ग्राम गोढ़ी में रामेश्वर यादव के पास से 12.80 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है।

- खरतोरा चेक पोस्ट पर दो ट्रैक्टरों में मिला धान
- अमलीडीह में एक प्रतिष्ठान को किया सील

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



आरंग से बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ग्राम भरुवाडीह नाला के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद बाइक सवार कई फीट दूर जा गिरे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घायल युवक ग्राम चिखली के निवासी बताए जा रहे हैं। दोनों युवक किसी काम से पलारी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने अनियंत्रित होकर बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे संतुलन बिगड़ने की आशंका भी जताई जा रही है। हादसे में एक युवक के पैर में गंभीर चोट आई है, वहीं दूसरा युवक भी बुरी तरह घायल हुआ है। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास ▶▶ शेष पेज 14 पर

# जिले में अब तक 1925 हितग्राहियों ने लगवाए सोलर पैनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को सीएसपीड़ीसीएल के अधिकारियों एवं वेंडरो की बैठक लेकर जिले में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जिले के लिये निर्धारित लक्ष्य समय पर हासिल करने बैंकर्स एवं वेंडरो से बेहतर समन्वय करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान बताया गया कि जिले में अब तक 1925 हितग्राहियों ने सोलर पैनल लगवा लिया है।

कलेक्टर सोनी ने कहा कि तीनों डिवीजन के लिये निर्धारित लक्ष्य अनुसार वेंडर और बैकर्स की साप्ताहिक ओपन बैठक में बैंकवार एवं वेंडरवार आवेदनों की स्थिति तथा समस्याओं पर चर्चा कर निरकारण कराएं। बैठक में सरपंच, सचिव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करें और योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगवाने आग्रह करें ताकि वे आमजनों को भी प्रोत्साहित कर सकें। उन्होंने विभाग ▶▶ शेष पेज 14 पर

- कलेक्टर ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक ली

# ओटगन स्कूल में छात्राओं को गुड टच और बेड टच की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



ग्राम पंचायत ओटगन के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में महिला एवं बाल विकास विभाग तिल्दा सेक्टर टंडवा द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच हिमांशु तिवारी ने छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक करते हुए 'गुड टच और बेड टच' के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि लड़कियों के लिए शादी की उम्र 18 साल एवं लड़कों के लिए 21 साल है। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए छात्राओं को पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं महिला बाल विकास के पर्यवेक्षक प्रियंका तिवारी ने 6 वीं से 8 वीं तक के किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के साथ महामारी, तथा अंकुरित अनाज के सेवन के बारे में बताया। अंत में सरपंच हिमांशु तिवारी ने बाल विवाह रोकने के लिए शपथ दिलाया। उक्त अवसर पर मिडिल स्कूल के प्रधान पाठिका संगीता बंजारे, आंगनबाड़ी केंद्र 01 व 02 के कार्यकर्ता शकुंतला दुबे, सीमा श्रीवास, सहायिका गोमती ध्रुव उपस्थित थीं।

- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम
- बाल विवाह रोकने दिलाई गई शपथ

## मुख्यमंत्री ने दी सहमति और समाज के प्रयासों की सराहना की

# कुर्मी समाज के महाअधिवेशन में शिरकत करने की स्वीकृति लेने सीएम से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भरूवाडीह/सैहा/गुमा



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से समाज के प्रस्तावित 80 वां महाअधिवेशन में शिरकत करने स्वीकृति हेतु सौजन्य भेंट-मुलाकात किए। जिस पर उन्होंने अपनी सहमति प्रदान कर सामाजिक उत्थान और प्रगति की दिशा में कुर्मी समाज द्वारा किए जा रहे विभिन्न अग्रणी प्रयासों की सराहना करते हुए प्रदेश के समूचे मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज को हार्दिक बधाई दिए।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का 80 वां महाअधिवेशन 21 एवं 22 फरवरी को ग्राम पंचायत चांपा सैहा बलौदाबाजार राज में होना प्रस्तावित है। जहां बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने स्वीकृति हेतु सौजन्य भेंट-मुलाकात करने वालों में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, बलौदाबाजार राजप्रधान सुनीता वर्मा ने सौजन्य भेंट-मुलाकात किए।

- ग्राम पंचायत चांपा सैहा बलौदाबाजार राज में 21 फरवरी से होगा

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर केंद्रीय महामंत्री यशवंत वर्मा, पलारी राजप्रधान रामखिलावन वर्मा, केंद्रीय महिला प्रमुख सरिता बघेल, केंद्रीय कार्यालय सचिव मोहित वर्मा, केंद्रीय महिला महामंत्री श्रद्धा नायक, केन्द्रीय महिला सदस्य अन्नू कश्यप, बलौदाबाजार राज के मिडिया प्रभारी महेश वर्मा, सदस्य तिलक वर्मा एवं बलौदाबाजार राज कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

# अर्जुनी स्कूल के पूर्व छात्र 30 साल बाद मिले, जोगी द्वीप में साझा की स्मृतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बैच 1995 के छात्र-छात्राओं ने जहां बारहवीं पास करने के 30 साल बाद एकत्रित होकर कार्यक्रम के दौरान स्कूल में और जोगी द्वीप में अपने बचपन के साथियों के साथ सुख दुख साझा किए। जोगी द्वीप के इस पावन धरा पर आयोजित सम्मेलन में 45 स्कूल साथियों का जत्था शामिल हुआ। जहां बचपन की यादें ताजा होने के साथ साथ भविष्य के लिए नई योजना एवं प्रेरणा साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ अर्जुनी स्कूल से 10 बजे स्कूल में पौधारोपण के शुरुवात के साथ सुबह से लेकर जोगी द्वीप होते हुए शाम 5 बजे तक चला। इस कार्यक्रम में मुख्य दिशा निर्देश और प्रारूप बनाने में प्रेमलाल वर्मा एवं दिनेश वर्मा मोहन वर्मा की मुख्य भूमिका रही। साथ में 1995 बैच के बारहवीं कक्षा के साथियों में मुख्य रूप से टाकेशवरी वर्मा, रामेश्वरी वर्मा, आशा दिनेश कुमार वर्मा, प्रेमलाल वर्मा, मोहन वर्मा, राजकुमार सत्यप्रकाश साहू, मोहन वैष्णव, ऋषि वर्मा, चिंतामणि साहू, राजाराम, शशिकला, माधुरी, चित्ररेखा, शैलेंद्री, अंबिका, संध्या सोनी, राजेश्वरी, नीलकंठ, धनीराम साहू, मुंशी, गिरधारी, राजेश, जीवन, देवेन्द्र, संतोष, हितेंद्र वैष्णव, कोमल, लीलू, ओमप्रकाश, रमेश, दुर्गा, चरण, ठाकुर राम सेन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में स्नेह भोज की व्यवस्था भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान कई मित्र अपने मंच के माध्यम से बाते साझा करते हुए भावुक भी हो गए और अपने जिंदगी के इस दौर के सफलता एवं असफलता के बारे में चर्चा भी किए एवं अपने परिवारों के बारे मे जानकारी दी गई।


बलौदाबाजार जिले के पावन धरा पर
प्रदेशाध्यक्ष माननीय
किरण सिंह देव जी
हार्दिक स्वागत...
वंदन...
अभिनंदन...
मान. किरण सिंह देव
भाजपा प्रदेशाध्यक्ष
सुलोचना यादव
कुसुम लता पैकरा
सविता यादव
सविता अनंत
द्वारिका वर्मा
चरणदास तेरहवंश
महाबल बघेल
मनिन्दर सिंह गुंबर
रामचरण ध्रुव
सुनीता वर्मा
प्रणम्य पांडे
चंद्रमणी तिवारी
नारायण साहू
योगेश अनंत
मथुरा यादव
पवन वर्मा
दुर्गेश साहू
जीवधन बरिहा
अंजीव जायसवाल
अनुपम वाजपेयी
रामलाल कुर्रे
विजय कोसले
पवन वर्मा
मिथलेश साहू
राकेश ध्रुव
दौलत राम पाल
हेमंत बघमार


मान. श्री नितिन नबीन जी के
भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई एवं
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष
मान. श्री किरण सिंह देव जी
के प्रथम बलौदाबाजार नगर आगमन पर
शत्-शत् अभिनंदन...
अशोक जैन
अध्यक्ष-नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार
श्री टंकराम वर्मा
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, उच्च शिक्षा मंत्री, छ.ग. शासन
राकेश ध्रुव, अध्यक्ष-भाजपा मण्डल ब.बा.(शहर)
रविशंकर वर्मा, अध्यक्ष-भाजपा मण्डल ब.बा.(ग्रामीण)
हेमंत बघमार, अध्यक्ष-भाजपा मण्डल सुहेला
दौलत पाल, अध्यक्ष-भाजपा मण्डल हथबंद
नरसिंग वर्मा, अध्यक्ष-भाजपा मण्डल तिल्दा (ग्रामीण)
मनोज निषाद, अध्यक्ष-भाजपा मण्डल तिल्दा (शहर)
संजय श्रीवास, महामंत्री-भाजपा मण्डल ब.बा.(शहर)
महेन्द्र साहू, महामंत्री-भाजपा मण्डल ब.बा.(शहर)
विष्णु साहू, महामंत्री-भाजपा मण्डल ब.बा.(ग्रामीण)
मुरली कन्नौजे, महामंत्री-भाजपा मण्डल ब.बा.(ग्रामीण)
महामंत्री-भाजपा मण्डल सुहेला
युगल किशोर वर्मा, महामंत्री-भाजपा मण्डल सुहेला
ईश्वरी मार्कण्डेय, महामंत्री-भाजपा मण्डल हथबंद
प्रेमलता वर्मा, महामंत्री-भाजपा मण्डल हथबंद
टेकराम यादव, महामंत्री-भाजपा मण्डल तिल्दा (ग्रामीण)
दिनेश गायकवाड़, महामंत्री-भाजपा मण्डल तिल्दा (ग्रामीण)
सुरेश वर्मा, महामंत्री-भाजपा मण्डल तिल्दा (शहर)
गोपाल वर्मा, महामंत्री-भाजपा मण्डल तिल्दा (शहर)

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
16 जनवरी 2026
SHOW TIME
मानव मार्केट
शो समय - 12:00 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## पहले दिन कई गांवों में पहुंची पदयात्रा, ग्रामीणों से किया गया जनसंपर्क

# मनरेगा बचाओ पदयात्रा रैली का कसडोल ब्लॉक में शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल




कसडोल विधानसभा के विधायक संदीप साहू के मार्गदर्शन में मंगलवार को मनरेगा बचाओ अभियान के तहत कसडोल ब्लॉक में पदयात्रा का शुभारंभ किया। पदयात्रा में ग्राम पंचायत सिमरिया, कोसमसरा, बम्हनी, खरहा, हटोद, असनींद, बिलारी, खर्री, आमाखोहा, मोतीपुर, पीसीद, छांछी, छरछेद ग्राम पंचायत में जनसंपर्क किया। यह पदयात्रा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल के अध्यक्ष दयाराम वर्मा के नेतृत्व में निकाली गई है।

अभियान के अंतर्गत कसडोल ब्लॉक के पांचों मंडलों में पदयात्रा आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना को कमजोर किए जाने के विरोध में जन जागरूकता फैलाना एवं श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना है। पदयात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से संवाद कर मनरेगा से जुड़ी समस्याओं को जाना तथा रोजगार, मजदूरी और समय पर भुगतान जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट किया कि जब तक मजदूरों को उनका हक नहीं मिलेगा, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन दयाराम वर्मा, निरेंद्र छतरी, कमल पटेल, रेशम दास मानिकपुरी, इतवारी वर्मा, लक्ष्मी जयसवाल, अशोक पटेल, जागो पटेल, रुद्रशंकर, पुरीराम, जीतू, रामकुमार, दशरथ, गौरीशंकर, सुनील ठाकुर, गोविंद मिश्रा, शाही दांडेकर, प्रताप, सूर्य यादव, दीपक, आलोक दास नंदे, हरटाहु राम, तिलकराम, सोहनलाल उपस्थित थे।

## डहरिया ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी।

ग्राम सोनपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू एवं विधायक कविता प्राण लहरे की अध्यक्षता में संपन्न हुई । डॉ. शिव कुमार डहरिया ने समस्त खिलाड़ियों को खेल भावनाओं से, खेल कर, आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दिया और दोनों विधायक संदीप साहू और कविता प्राण लहरे को सक्रियता के लिए धन्यवाद दिया, विधायक कविता प्राण लहरे ने सोनपुरवासियों को बधाई देते हुए डहरिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप अपना अमूल्य समय हमारे विधान सभा के लिए धन्यवाद। इस कार्यक्रम में डा. शिव कुमार डहरिया, कसडोल विधायक संदीप साहू, विधायक बिलाईगढ़ कविता प्राण लहरे के साथ युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान, सरपंच ओमेश्वरी वीरेंद्र साहू, नल कुमार पटेल, गोप लाल पटेल, रतन बंजारे, भोला पटेल, मनी राम पंकज, गोपाल पांडे, छत्रसाल साहू, धरम वर्मा, नंदकुमार, रामकुमार, बाबूलाल, जान मोहम्मद खान, मुरलीधर मिश्रा, धनीराम नाग, सुखलाल निषाद, हेमलाल पटेल, दीपक बांदे, प्यारी डडसेना, पुरुषोत्तम प्रधान, उसत राम नायक, देव सिंह यादव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता आमजन शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### लैंगिक उत्पीड़न निवारण के लिए आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में शासकीय, अर्द्धशासकीय, प्राइवेट संस्थानों में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम 2013 की धारा की जानकारी हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला संरक्षण अधिकारी मंजू तिवारी एवं मिशन शक्ति महिला हब जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न द्वारा विशाल मेगा मार्ट, आशीष कलेक्शन, रिलायंस के ट्रेडर्स में जाकर कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम की जानकारी देते हुए आंतरिक शिकायत समिति का गठन करवाया गया तत्पश्चात पोर्टल पर पंजीयन कर आंतरिक शिकायत समिति के सदस्यों को ऑनबोर्ड किया गया। कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम 2013 की धारा 4 अनुसार जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना अनिवार्य है।

### राजधानी में राज्य स्तरीय रोजगार मेला 29 से

**बलौदाबाजार।** कौशल विकास तकनीकी की शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने 29, 30 एवं 31 जनवरी को इंजीनियरिंग महाविद्यालय रोजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ऐसे आवेदक जो निजी क्षेत्र में रोजगार के इच्छुक है और मेले में शामिल होना चाहते हैं उनका रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला हेतु दोनो पंजीयन होना अनिवार्य है। ऐसे आवेदक जिन्होंने रोजगार पंजीयन या रोजगार मेला पंजीयन नहीं किये हैं वे वेबसाइट या छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते हैं, जो आवेदक पूर्व में अपना पंजीयन किये हैं तथा अपना फार्म अपूर्ण या पदों का चयन नहीं किये हैं वे अपने आईडी पासवर्ड के माध्यम से या छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के माध्यम से योग्यतानुसार संबंधित पद का चयन करते हुए अपना आवेदन फार्म 29 जनवरी तक पूर्ण कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, पासपोर्ट साईज फोटो, रोजगार पंजीयन, अनुभव प्रमाण पत्र आधार कार्ड इत्यादि आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर स्वयं के व्यय से उपस्थित हो सकते है।इसमें शामिल होने के लिये किसी प्रकार मार्ग व्यय देय नहीं होंगा। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार से सम्पर्क कर सकते हैं ।

## निषाद राज गुहा थे एक महान भक्त और संत



**भाटापारा।** विधानसभा अंतर्गत ग्राम कोदवा में निषाद समाज द्वारा आयोजित भक्त शिरोमणि गुहा निषादराज जयंती में भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम एवं भक्त शिरोमणी गुहा निषादराज की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

उन्होंने कहा निषाद राज गुहा एक महान भक्त और संत थे, जिन्होंने अपने जीवन में भगवान की भक्ति और सेवा में समर्पित किया था।किसी भी समाज के विकास के शिक्षा बहुत ज़रूरी है। शिक्षित समाज में लोग सामाजिक एकता के महत्व को समझते हैं और वे अपने समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा देने व नैतिकता और मूल्यों के महत्व को समझते हैं और वे अपने जीवन में इन मूल्यों का पालन करने के लिए काम करते हैं।

शिवरतन शर्मा ने कहा की भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त, त्याग, सेवा और सामाजिक समरसता के प्रतीक गुहा निषाद ने बिना भेदभाव के मानवता और धर्म का मार्ग दिखाया। उनका जीवन हमें बताता है कि भक्ति, कर्तव्य और समानता ही सच्ची समाज-सेवा है। निषाद समाज की आस्था, एकजुटता और सांस्कृतिक चेतना वास्तव में प्रेरणादायी है। ऐसे आयोजन हमारी गौरवशाली परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मथुरा यदु, संतोष साहू सहित समाज के गणमान्यजन, पदाधिकारी एवं सामाजिकजन उपस्थित थे।



## सिंधी समाज ने दी हेमू कालानी, बाबा गुरमुख दास और माता धर्मी देवी को श्रद्धांजलि

**भाटापारा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व मात्र 23 वर्ष की उम्र में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद हेमू कालानी की जयंती व श्री सिंधु अमरधाम आश्रम चकरभाटा के ब्रहमलीन संत बाबा गुरमुख दास की पुण्यतिथी पर समस्त सिंधी समाज भाटापारा द्वारा श्रद्धाजंलि दी गई। साथ ही चकरभाटा स्थित श्री सिंधु अमर धाम आश्रम के ब्रहमलीन संत बाबा गुरूमुखदास की पत्नी व संत सांई लालदास की माता धर्मी देवी के मंगलवार को ब्रहमलीन होने पर उन्हें भी सम्पूर्ण सिंधी समाज द्वारा श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। सर्वप्रथम समाज के महासचिव राजेश छाबड़िया द्वारा शहीद हेमू कालानी, बाबा गुरमुखदास व माता का जीवन परिचय, शहादत व सेवाओं की उपस्थितजनों को जानकारी दी गई। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर व पुष्प अर्पित कर सभी समाजजनों द्वारा श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत के अध्यक्ष इंदरलाल थारानी, पूज्य बिरादरी पंचायत के अध्यक्ष भीषम गुरयानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश बालानी, महासचिव राजेश छाबड़िया, सचिव महेश चंदानी सहित नंदलाल तनवानी, आत्माराम जोतवानी, नितिन भोजवानी, सच्चानंद थदवानी, श्याम सुंदर आर्य, संतोष सबलानी, आकाश वासवानी, अखिलेश जसवानी, जगदीश लालवानी, श्री मंगलानी, सुनील गिदवानी, किशोर दावानी, कन्हैया चैनानी, अन्नू मंगलानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## जनपद सदस्य के नेतृत्व में निकाली गई रैली

# नवागांव में शराब की अवैध बिक्री नहीं होने देंगे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



ग्राम पंचायत नवागांव में अवैध शराब बिक्री एवं अन्य नशीली पदार्थ को रोकने के लिए नवागांव में बैठक आयोजित कर रैली निकाली गई। जनपद सदस्य सरोज मुकेश भारद्वाज के नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री एवं अन्य नशीली पदार्थों के बिक्री की रोकथाम के लिए यह पहल की गई। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखना असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने और अवैध बिक्री को रोकने के लिए लोगों ने एक कदम उठाया। गांव में पूर्ण रूप से अवैध शराब बिक्री के लिए गांव में स्थानीय अवैध शराब बेचने वाले को चेतावनी देते हुए कहा कि इस प्रकार का अवैधानिक कार्य न करें तथा उसके ऊपर उचित कानूनी कार्यवाही करने की बात कही गई। नवागांव की महिलाएं पुरुष एवं बच्चे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। पूर्व जनपद सदस्य मुकेश भारद्वाज ने कहा कि गांव में अवैध शराब बिक्री होने से गांव का माहौल खराब हो रहा है, गांव में विगत कुछ समय से असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री एवं खुलेआम शराब का सेवन किया जा रहा है। नशेड़ियों द्वारा नशे की हालत में आए दिन लड़ाई झगड़ा होना, अश्लील गाली गलौज देना आम बात हो गई है। जिससे रास्ते से गुजरने वाले लोगों को शर्मसार होना पड़ता है। नशेड़ियों की इस प्रकार दहशत से गांव का वातावरण दूषित हो रहा है, इससे युवा पीढ़ी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है तथा महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उक्त अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने हेतु मुख्य रूप से जनपद सदस्य सरोज, मुकेश भारद्वाज, नवागांव महिला सतनामी समाज के अध्यक्ष पूर्णिमा टंडन, कांति चेलक, विद्या वर्मा, बिंदु टंडन, कमलेश्वरी, गोपी घृतलहरे, कीर्तन भारद्वाज, अनीश चेलक, सुमित मारकंडे, ललित वर्मा, पुष्कर भारद्वाज, नरेश कुर्रे सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### गिरौदपुरीधाम में तीन...

से बढ़ाकर 50 लाख करने तथा 50 लाख रुपये का आवंटन मेला समिति को प्राप्त होने पर समिति की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

**आरआर दुबे मेला अधिकारी नियुक्त**-बैठक का संचालन कर रहे कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि इस वर्ष मेले के लिए कसडोल एसडीएम आर.आर. दुबे को मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। राज्य स्तर से लगभग 26 प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की तैयारी जा रही है। सभी संबंधित विभागों को मेला की तैयारी हेतु जिम्मेदारी दी गई है। मेला स्थल पर जलापूर्ति की व्यवस्था के लिए 30 लाख, 8 लाख और 75 हजार लीटर क्षमता के टंकियां हैं। मंदिर परिसर, महराजी, छाता पहाड़ और पंचकुंडीय स्थानों पर पृथक से पेयजल टंकियों की व्यवस्था की गई है। इस बार मेला परिसर में 250 टेप नल, 30 टैंकर,100 स्नानघर एवं शौचालय,20 चलित शौचालय, 10 जनरेटर, 24 घण्टे सफाई व्यवस्था हेतु लगभग 400 कर्मचारी एवं स्वच्छग्रही, 80 स्थायी शौचालय, 24 घण्टे मेडिकल टीम, मेला परिसर में 7 स्थानों पर 24 घण्टे चिकित्सा शिविर, 10 एम्बुलेंस की व्यवस्था की जा रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गिरौदपुरी में 6 बेड भी तैयार रहेगा।सीएचसी कसडोल को 24 घंटे अलर्ट मोड में रखा गया है। मेला परिसर और आसपास 10 किलोमीटर की परिधि में मांस-मदिरा की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित होगी। मेला में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी के लिये बड़े होर्डिंगस लगाए जाएंगे। इसके साथ ही पिछले वर्ष के वेब साईट को सक्रिय किया जाएगा एवं बार कोड भी होगा।

### माघी मेले में...

की सुरक्षा की जा सके। प्लास्टिक मुक्त मेले की मुहिम में दुकानदारों का सहयोग मिलेगा। इसके लिए आवेदन पत्र के साथ स्व घोषणा पत्र भरवाया जा रहा हैं। कि मेले में प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा व मेले को स्वच्छ रखने में सहयोग देना होगा। पंचायत के अधिकारी और कर्मचारी लगातार मेले को प्लास्टिक मुक्त रखने को मुहिम में लगाया जाएगा। जो भी दुकानदार प्लास्टिक का इस्तेमाल करते पाया जाता हैं या कचरे को सड़क में फेंकते मिलता हैं उसके खिलाफ प्लास्टिक को जप्त कर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। मेले को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए सब का सहयोग मिलेगा। स्वच्छता को लेकर लोगों में अच्छा संदेश जाएगा। यह मुहिम आने वाले माघी मेले में भी देखने को मिलेगी।

**मेले में गंदगी नहीं करूंगा, लिखित में देंगे दुकानदार**-मेले में सभी दुकानदारों से एक घोषणा पत्र लिया जा रहा हैं। जिसमें दुकानदार अपने दुकान में डस्टबिन रखने, प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने,कचरा बाहर नहीं फेंकने और दुकान का नगर पंचायत की शर्त अनुसार दुकान का संचालन करने का संकल्प ले रहे हैं। नियमों को नहीं मानने वाले दुकानदार स्वयं जुर्माना के रूप में पांच हजार नगर पंचायत में जमा करेंगे। स्वच्छता कमांडो संभालेंगे प्लास्टिक मुक्त मेले की जिम्मेदारी-मेले को प्लास्टिक से मुक्त रखने के लिए अध्यक्ष राहुल थवाईत एवं सीएमओ कन्हैया लाल निर्मलकर ने स्वच्छता कमांडो टीम का गठन किया है।स्वच्छता कमांडो की टीम लगातार मेले में मॉनिटरिंग करेगी। जो भी दुकानदार प्लास्टिक का इस्तेमाल करते पाया जाएगा तो उसके खिलाफ प्लास्टिक जप्त कर जुर्माने की कार्रवाई की जाती हैं। जुर्माने के डर से दुकानदार भी प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करेंगे। मेले को प्लास्टिक मुक्त रखने में स्वच्छता कमांडो की महती भूमिका रहेगी। कमांडो सुबह से रात तक मेला परिसर में अपनी ड्यूटी निभाते दिखाई पड़ जाएंगे। मेले में आए दुकानदार भी प्रतिबंधित चीजों का इस्तेमाल नहीं करेंगे। नगर का पंद्रह दिवसीय माघी मेला प्लास्टिक मुक्त मेले की परिकल्पना को साकार करेगा।

**मिनी गोवा रहेगा आकर्षण का केन्द्र-** शिवरीनारायण धार्मिक आस्था का केंद्र बिंदु तो है ही यहां पर्यटन की भी भरपूर संभावना है, महानदी पर अभी दो तीन माह से मिनी गोवा के नाम से भी एक ट्रेंड चला है, जिसमें प्रतिदिन हजारों की संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आ रहे हैं, जो नगर के मुख्य मंदिर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के अलावा श्री शबरी मंदिर, श्री केशव नारायण मंदिर, श्री राम मंदिर, मठ मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर, श्री राधाकृष्ण मंदिर, श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, काली मंदिर में दर्शन करने के बाद महानदी में नौका विहार करते हुए मिनी गोवा जाकर फोटो, सेल्फी नारियल पानी और विभिन व्यंजनों का लुप्त उठा रहे हैं माघी मेला में मिनी गोवा आकर्षण का केंद्र बिंदु रहेगा। नौका विहार/ महानदी में रोजाना नाव चल रहे हैं यात्री, श्रद्धालु मंदिर दर्शन के बाद नौका विहार कर रहे हैं जिससे नाविकों को भी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है, नगर के सभी नाविक अपने अपने नाव को आकर्षक फूलो से सजाकर रखे हुए हैं जिससे नाव में बैठने वाले को बनारस, प्रयागराज के नाव में बैठने का अनुभव हो रहा है।

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो...

मौजूद ग्रामीणों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए, तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस के पहुंचते ही दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। इधर, हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस थाना प्रभारी सदीप बंजारे ने बतलाया कि बहुत ही जल्दी स्कॉर्पियो चालक की तलाश में जुटी हुई है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है ।

### जिले में अब...

के कनिष्ठ अभियंताओ के लिये निर्धारित लक्ष्य में कमजोर प्रदर्शन वालों पर कड़ी निगरानी और कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये। बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अब तक जिले को कुल 9915 आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें से 5254 हितग्राहियों ने वेंडर चयन कर लिया है।

## संयुक्त टीम ने जब्त की 246 कट्टा अवैध धान



**बलौदाबाजार।** संयुक्त जांच टीम ने अवैध धान पर कार्रवाई करते हुए लगभग 246 कट्टा धान जब्त किया। सोमवार को राजस्व, मंडी और खाद्य विभाग के संयुक्त दल ने रायतुम से मोहदा मार्ग की ओर आते हुए दो ट्रैक्टरों को घेराबंदी कर पकड़ा, जिनमें कुल 220 कट्टा अवैध धान था। जांच में पाया गया कि उक्त धान किसान सुरेंद्र शिखरों के पर्ची पर खपाने की तैयारी थी। जब रोजगार सहायक और कोटवार द्वारा किसान के घर का भौतिक सत्यापन किया गया, तो वहां केवल 20 क्विंटल धान ही उपलब्ध पायी गई, जिसे किसान सुबह ही केंद्र में तौल चुका था। पकड़ा गया 220 कट्टा धान अन्यत्र स्थान से लाया जा रहा था, जिसे जब्त कर मोहदा उपार्जन केंद्र की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। इसी तरह पलारी ब्लॉक के ग्राम दतान में भी कार्रवाई करते हुए लोकनाथ सिन्हा के पास से 26 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिचौलियों और अवैध धान खपाने वालों के खिलाफ यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## संयंत्र ने स्कूल में आयोजित किया सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**हिरमी रावन।** अल्ट्राटेक के सीएसआर ने ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, यातायात संकेतों की पहचान, तेज गति से वाहन चलाने के दुष्परिणाम तथा सुरक्षित पैदल यात्री व्यवहार की जानकारी दी गई। जागरूकता सत्र को रोचक बनाने के लिए प्रश्नोत्तरी एवं संवादात्मक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। अल्ट्राटेक के सुरक्षा विभाग प्रमुख बिसन दास सोनवानी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है, विशेषकर बच्चों और युवाओं के बीच सही आदतों को विकसित करना समय की मांग है। विद्यालय के प्राचार्य पीलु राम वर्मा व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम को सफल बनाने में अल्ट्राटेक सी एस आर से आशुतोष खरे, मनोज वर्मा, व उमाशंकर धीवर का सराहनीय योगदान रहा।




